भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने नगचला, हिमाचल प्रदेश में ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

नई दिल्ली, 15 जनवरी, 2020: भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने हिमाचल प्रदेश में मंडी के नज़दीक नगचला में ग्रीन फील्ड हवाईअड्डे के विकास के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार (जीओएचपी) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। श्री अरविंद सिंह, अध्यक्ष, भाविप्रा, श्री ए.के.पाठक, सदस्य (योजना), भाविप्रा, श्री विनीत गुलाटी, सदस्य (एएनएस), भाविप्रा और भाविप्रा के अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की ओर से श्री एच.एस.बलहारा, कार्यपालक निदेशक (योजना) और हिमाचल प्रदेश सरकार की ओर से श्री युनुस, आईएएस, निदेशक, पर्यटन एवं नागर विमानन विभाग द्वारा भाविप्रा के निगमित मुख्यालय, राजीव गाँधी भवन, नई दिल्ली में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

हिमाचल प्रदेश सरकार ने मंडी के नज़दीक नगचला में ग्रीन फील्ड हवाईअड्डे के निर्माण के लिए नागर विमानन मंत्रालय, भारत सरकार को अपनी रूचि व्यक्त की थी। प्रारंभ में यह हवाई अड्डा, एटीआर-72 तक के विमानों के प्रचालन के लिए उपयुक्त होगा।

ग्रीन फील्ड हवाईअड्डे का विकास एकदिशीय रनवे के साथ एक संयुक्त उद्यम कंपनी ("जेवीसी") के माध्यम से कार्यान्वित किया जाएगा, जिसमें 51% शेयर भा.वि.प्रा का होगा और शेष 49% शेयर हिमाचल प्रदेश सरकार या उसके द्वारा निर्दिष्ट एजेंसी का होगा।

जेवीसी, हवाईअड्डे "प्रोजेक्ट" की डिज़ाइनिंग, विकास, निर्माण और उसे पूरा करने संबंधी कार्य करेगी जिसमें वाणिज्यिक नागर विमानन प्रचालन के लिए वित्त के साथ-साथ समझौता ज्ञापन में दी गई शर्तों एवं नियमों के अनुसार हवाईअड्डे के प्रचालन, रख-रखाव एवं प्रबंधन का कार्य भी करेगी।

भा.वि.प्रा. कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत, जल्द ही एक जेवीसी शामिल करेगा और हिमाचल प्रदेश सरकार के साथ संयुक्त उद्यम समझौता और शेयर होल्डर्स अनुबंध भी कार्यान्वित करेगा तथा जेवीसी के साथ संचार, दिक्चालन, निगरानी एवं वायु यातायात/प्रबंधन (सीएनएस/एटीएम) अनुबंध करेगा।

निगमित संचार निदेशालय द्वारा जारी

कृपया अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:

महाप्रबंधक (नि.सं.)011-24622787

प्रेस विज्ञप्ति सं. 56/2019-20

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण और हिमाचल प्रदेश सरकार के बीच समझौता ज्ञापन पर, भाविप्रा की ओर से श्री एच.एस.बलहारा, कार्यपालक निदेशक (योजना) और हिमाचल प्रदेश सरकार की ओर से श्री युनुस, आईएएस, निदेशक, पर्यटन एवं नागर विमानन विभाग, द्वारा हस्ताक्षर करने के अवसर पर **श्री अरविंद सिंह, अध्यक्ष, भाविप्रा**